आरोप | बाजार और निजी नर्सिंग होम में 25 लाख की बेच दी एचपीवी वैक्सीन

जीवन रक्षक टीके से 800 बालिकाओं को रखा वंचित

पाटन के बीएमएओ डॉ. आदर्श विश्नेई पर लगे गंभीर आरोप

सीएमएचओ के पत्र के बाद भी अब तक नहीं दिया गया जवाब



नवभारत,जबलपुर। पाटन विकासखंड के बीएमओ डॉ. आदर्श विश्नोई पर किशोरियों के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई एचपीवी वैक्सीन में बड़े पैमाने पर अनियमितता और कालाबाजारी के गंभीर आरोप लगे हैं। कलेक्टर को की गई शिकायत के बाद मामले ने तूल पकड़ा और अब शहर में भ्रष्टाचार का ये मामला काफी सुर्खियों में बना हुआ है। जानकारी के अनुसार आरोपों को लेकर सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी ने डॉ. आदर्श विश्नोई को स्पष्टीकरण के लिए नोटिस कुछ दिनों पहले जारी किया था लेकिन अभी तक डॉ. विश्नोई की ओर से कोई जवाब नहीं पेश किया गया है। जिससे साफ हो गया है कि डॉ आदर्श विश्नोई ने किस दर्जे तक जाकर भ्रष्टाचारी की है।

शिकायतकर्ता विनय डेविड द्वारा कलेक्टर को 98 पन्नों की शिकायत-पत्र दस्तावेजों के अनुसार पाटन विकासखंड की करीब 800 हितग्राही बालिकाओं को उनके जीवन रक्षक टीके से वंचित रखा गया और करीब 25 लाख रुपए की 50 प्रतिशत एचपीवी वैक्सीन को खुले बाजार और निजी नर्सिंग होम में बेच दिया गया। ये पूरा कारनामा बीएमओ डॉ. आदर्श विश्नोई ने किया है। ये कोई पहला मामला नहीं है इसके कुछ दिन पहले भी समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने डॉ आदर्श विश्नोई पर भ्रष्टाचार के तमाम आरोप लगाए थे।

जांच और कार्रवाई की मांग

शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से मांग की है कि वैक्सीन से वंचित सभी किशोरियों का तत्काल टीकाकरण कराया जाए, शेष बची वैक्सीन जब्त की जाए तथा कथित रूप से बेची गई वैक्सीन की कीमत संबंधित अधिकारियों से वसूल की जाए। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ आपराधिक एवं विभागीय कार्रवाई की जाए।

यूविन पोर्टल के रिकॉर्ड पर उठे सवाल

शिकायत के अनुसार पाटन विकासखंड की 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए गार्डासिल 4 वैक्सीन के 1589 डोज उपलब्ध कराए गए थे। आरोप है कि 800 बालिकाओं को टीके से वंचित रखा गया। शिकायतकर्ता का दावा है कि यूविन पोर्टल पर फर्जी तरीके से टीकाकरण की एंट्री की गई है। आरोप ये भी है कि वास्तविक हितग्राहियों के मोबाइल नंबरों के स्थान पर एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं या अन्य नंबर दर्ज कर ओटीपी प्राप्त किए गए और बिना टीकाकरण के प्रमाण पत्र जनरेट कर लिए गए। शिकायत में ये भी दावा किया गया है कि एक ही मोबाइल नंबर पर अलग-अलग धर्म और समाज की कई बालिकाओं का पंजीयन दर्ज मिला है। इसे फर्जी डेटा एंट्री और रिकॉर्ड में हेराफेरी का प्रमाण बताया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी आधार पर शासन को 100 प्रतिशत टीकाकरण की प्रगति रिपोर्ट भेजी गई।

इनका कहना है

अभी तक डॉ. आदर्श विश्नेई के खिलाफ दो शिकायतें आ चुकी हैं। दो सदस्यीय जांच दल गठित कर दिया है। जांच दल की रिपोर्ट के अनुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आरोपों को लेकर स्पष्टीकरण के लिए डॉ. विश्नेई को पत्र जारी किया गया था लेकिन अभी तक उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया है।

डॉ. नवीन कोठारी
सीएमएचओ जबलपुर

मेफेड्रोन ड्रग्स बनाने के लिए कंपनी के नाम से बुलाये थे रासायनिक पदार्थ

जबलपुर। मेफेड्रोन ड्रग्स बनाने के लिए कंपनी के नाम से रसायनिक प्रदार्थ ऑर्डर पर बुलाने तथा उसकी सप्लाई ड्रग्स निर्माताओं को किये जाने को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाईकोर्ट जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने जमानत याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेष में कहा है कि यह मामला किसी एक व्यक्ति के पास थोड़ी मात्रा में गैर-कानूनी पदार्थ मिलने का नहीं है। यह एक संगठित, पदानुक्रमित, अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का मामला है, जिसमें हर सदस्य की भूमिका तय थी। फाइनेंस करने वाला, सप्लायर, निर्माता, वितरक, और इन सबको विदेश से मास्टरमाइंड सलीम डोला गाइड कर रहा था। आरोपी इस नेटवर्क में जानबूझकर और अपनी मर्जी से शामिल था। सह-आरोपी के पास से कुल 61.20 किलोग्राम मेफेड्रोन (लिक्विड रूप में) बरामद किया गया, जो कमर्शियल मात्रा में है। गुजरात निवासी व्यापारी महफूज महबूब खान की तरफ से दायर जमानत आवेदन में कहा गया था कि उसकी एम के इंटरप्राइजेज नामक फर्म है। उसने दोस्त के छोटे भाई अशरफ के कहने पर कुछ केमिकल का ऑर्डर दिया था।

विद्युत विभाग के खिलाफ कांग्रेस का फूटा आक्रोश

विधायक के नेतृत्व में घेरा विद्युत मंडल अधीक्षण अभियंता कार्यालय

नवभारत,जबलपुर। पूर्व विधानसभा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती, जर्जर विद्युत व्यवस्था एवं उपभोक्ताओं के शोषण के विरोध में विधायक लखन घनघोरिया के नेतृत्व में उग्र आंदोलन किया गया। सबसे पहले कांग्रेसियों ने स्थानीय लोगों के बड़े जनसमूह के साथ मिलकर पीली कोठी में विशाल जनसभा की और फिर विद्युत मंडल अधीक्षण अभियंता कार्यालय (इनकम टैक्स क्षेत्र) का घेराव कर जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा अधीक्षण यंत्री एवं संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन विभिन्न मांगें की गईं। मांगों में क्षेत्र की अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद करना, जर्जर विद्युत पोल एवं तारों को बदलना, ओवरलोड एवं खराब ट्रांसफार्मरों का तत्काल प्रतिस्थापन करना, विद्युत कर्मचारियों के रिक्त पद शीघ्र भरना , उपभोक्ताओं के बढ़े हुए एवं विवादित बिजली बिलों की जांच करना, क्षेत्र में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना शामिल रहा। कांग्रेस के प्रदर्शन में क्षेत्र की जनता, व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही जिन्होंने विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने ये भी आरोप लगाया कि विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र की जनता के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है।

शिकायतों के बाद भी असर नहीं

युवक कांग्रेस के यश घनघोरिया सहित अन्य कांग्रेसियों का कहना था कि विगत कई वर्षों से क्षेत्र की जनता विद्युत विभाग की उदासीनता एवं अव्यवस्थित कार्यप्रणाली का दुष्परिणाम भुगत रही है। क्षेत्र में अनेक स्थानों पर दशकों पुराने जर्जर विद्युत पोल, क्षमता से अधिक भार वहन कर रहे ट्रांसफार्मर तथा तेल रिसाव वाले खराब ट्रांसफार्मर आज भी संचालित किए जा रहे हैं, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है इसके अतिरिक्त, हल्की हवा, बारिश अथवा सामान्य मौसम परिवर्तन होते ही विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है तथा कई-कई घंटों तक अघोषित बिजली बंद रहती है। उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद भी विद्युत विभाग में कर्मचारियों की कमी के कारण 24 से 48 घंटे तक समस्या का निराकरण नहीं हो पाता, जिससे आमजन, व्यापारी, विद्यार्थी, महिलाएँ एवं वरिष्ठ नागरिक अत्यधिक परेशान होते हैं।

होर्डिंग -यूनिपोल की संख्या बढ़ाकर आय में वृद्धि करने के निर्देश चिंताजनक

नवभारत,जबलपुर। शहर में होर्डिंग और यूनिपोल की संख्या बढ़ाकर आय में वृद्धि करने के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे के निर्देश पर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के पदाधिकारियों ने चिंता जताई है। मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे ने कहा है कि वर्तमान में लगाये गये होर्डिंग/यूनिपोल से जबलपुर सहित प्रदेश के शहरों में अवरोध पूर्ण यातायात की स्थिति बनी है और दुर्घटनायें लगातार हो रही हैं। और अब आय बढ़ाने के लिए होर्डिंग तथा यूनिपोल की संख्या बढ़ेगी तो परिस्थितियां और बदतर होंगीं। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने अपर मुख्य सचिव संजय दुबे को पत्र भेजा है। विदित हो कि हाल ही में नगरीय विकास एवं आवास विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें संजय दुबे ने उक्त निर्देश दिये हैं। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे ने जबलपुर सहित अन्य शहरों में वर्तमान स्थिति के मद्देनजर पुनर्विचार बेहद जरूरी है।

पिछले 1 वर्ष में जांच रिपोर्ट पर कार्यवाही नहीं

जबलपुर सहित प्रदेश के प्रमुख शहरों में वर्तमान में लगाये गये होर्डिंग और यूनिपोल में आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 का घोर उल्लंघन किया गया है। उपभोक्ता मंच ने जबलपुर में इसकी शिकायत की तब नगर निगम ने जाँच समिति गठित की, जिसकी रिपोर्ट 13 जून 2025 को प्रस्तुत हुई। किंतु 1 वर्ष बीतने के बावजूद भी जाँच रिपोर्ट पर कार्यवाही नहीं हुई। यहां तक कि जबलपुर में 18 जनवरी 2025 को इलाहाबाद बैंक के पास हुए दुर्घटना में हुई मौत में एक वर्ष बीतने के बावजूद भी एफआईआर तक दायर नहीं हुई।

म्यूल अकाउंट्स के जरिए खपाई गई करोड़ों की रकम

डेढ़ हजार खाते चिन्हित, पांच सौ खातों में हुए ट्रांजेक्शन का डाटा पुलिस को मिला

नवभारत, जबलपुर। म्यूल अकाउंट्स के जरिए करोड़ों की ठगी की रकम को खपाया गया है। पुलिस ने करीब ऐसे डेढ़ हजार खाते चिन्हित कर लिए है जिसमें अनाधिकृत ट्रांजेक्शन के तार जुड़ रहे है। इनमें से पांच सौ खातों का लेखा जोखा समेत ट्रांजेक्शन का ब्यौरा भी पुलिस के पास पहुंच गया है जिसकी तफ्तीश की जा रही है। साथ ही साइबर ठगों के मद्दगारों पर शिकंजा कसने के साथ उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। म्यूल अकाउंट्स के जरिए डिजिटल अरेस्ट, टास्क फ्रॉड और ऑनलाइन निवेश के नाम पर होने वाली ठगी की रकम को खपाया गया है।

खंगाली जा रही कुंडली

उप पुलिस अधीक्षक साइबर अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत जबलपुर जिले के कई अन्य बैंक खातों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। साइबर सेल की टीमें इन खातों के ट्रांजैक्शन हिस्ट्री और इनके धारकों की कुंडली खंगाल जा रही हैं। 1500 खातें चिन्हित किए गए है। खातों का ट्रांजेक्शन खंगाले के साथ अन्य बिन्दुओं पर जांच चल रही है। पुलिस के मुताबिक जिन भी म्युल खातों की साइबर फ्रॉड में संलिप्तता पाई जाएगी, उनके खाताधारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के साथ गिरफ्तारी की जायेगी।

ऐसे खुलवाते हैं खातें

पुलिस की अब तक की जांच में यह बात सामने आई कि जालसाज बेरोजगार, छात्रों या जरूरतमंदों को कमीशन, मोटी कमाई का लालच देते है। इसके बाद खाता खुलवाया जाता है और इन्हें उनके एजेंट आगे बेच देते है जिसके बाद साइबर ठगी की रकम सीधे इन म्यूल अकाउंट्स में ट्रांसफर होती है।

अंतरराष्ट्रीय ठिकानों से जुड़े है ठिकानों के तार

ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी और फर्जी बैंक खातों (म्यूल अकाउंट्स) के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जा रहा है। युवाओं, मजदूरों और बेरोजगारों को लालच देकर उनके नाम पर फर्जी म्यूल खाते खोले गए है। जिनका उपयोग साइबर ठगी की रकम को ट्रांसफर किया गया है। इन फर्जी खातों के तार अफ्रीकी देशों सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय ठिकानों से जुड़े हुए है।

परिवर्तित मार्ग से चलेगी शक्तिपुंज एक्सप्रेस

जबलपुर, नवभारत। यात्रियों की सुविधा, संरक्षा एवं बेहतर परिचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल अंतर्गत छीपादोहर-बरवाडीह-मंगरा हाल्ट रेलखण्ड पर थर्ड लाइन कमिशनिंग के तहत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से संचालित चार रेलगाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है जिसमे गाड़ी संख्या 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस 22 से 26 जून तक अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से रवाना होकर परिवर्तित मार्ग गढ़वा-गढ़वा रोड लिंक केबिन-सोन नगर जंक्शन-गया जंक्शन-धनबाद जंक्शन से होकर गंतब्य को जाएगी वही गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस, 23 से 27 जून तक अपने प्रारम्भिक स्टेशन हावड़ा से रवाना होकर परिवर्तित मार्ग धनबाद जंक्शन-गया जंक्शन-सोन नगर जंक्शन-गढ़वा रोड लिंक केबिन-गढ़वा से होकर गंतब्य को जाएगी।

जनसुरक्षा के लिए जर्जर भवन को ढहाया

गढ़ा शाही नाका रोड में नगर निगम की कार्रवाई

नवभारत,जबलपुर। नागरिकों की सुरक्षा और सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए नगर निगम लगातार सक्रिय कार्यवाही कर रहा है। इसी कड़ी में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर जोन क्रमांक 1 के अंतर्गत गढ़ा शाही नाका रोड पर अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार गढ़ा शाही नाका रोड स्थित मंजू कोष्टा के अत्यधिक जर्जर हो चुके भवन को सोमवार को जनसुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षित रूप से ढहा दिया गया । संभागीय अधिकारी शैलेन्द्र कौरव ने बताया कि यह जर्जर मकान मुख्य मार्ग शाही नाका रोड पर स्थित होने के कारण राहगीरों और स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ा खतरा बना हुआ था। मानसून के सीजन में ऐसे जर्जर भवनों के गिरने की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। जनहित को ध्यान में रखते हुए और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए नगर निगम ने त्वरित कार्यवाही की। कार्रवाई के समय अतिक्रमण दल के दिग्दर्श सिंह, मिथलेश चैबे, ब्रज किशोर तिवारी, सुंदरलाल माड़वी, विकास कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आस-पास कोई ऐसा जर्जर निर्माण है जिससे जनहानि का खतरा हो, तो उसकी सूचना तत्काल नगर निगम को दें, ताकि समय कार्यवाही की जा सके।

सुबह और दिन में बरसे मेघा, 60 किमी की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट

नवभारत, जबलपुर। शहर में सोमवार सुबह तड़के हुई रिमझिम बारिश ने जहां फिजा में खुशनुमा ठंडक घोल दी, वहीं दिन चढ़ने के साथ ही बादलों को चीरकर चटक धूप खिल गई। हालांकि दोपहर ढाई बजे बाद प्रकृति ने एक बार फिर अचानक करवट बदली और आसमान का मिजाज पूरी तरह बदल गया। आसमान में काले-घने बादलों ने डेरा डाल लिया । तेज हवाएं चली। इसके बाद एक बार फिर मेघा बरस पड़े। रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया और थोड़ी देर में बारिश थम गई। इसके बाद धूप और सूर्यदेव के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। 2 .5 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। सीजन में अब तक 41 .6 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। बारिश से पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से परेशान शहरवासियों को राहत मिली। मौसम विभाग ने जबलपुर समेत आसपास के जिलों में 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की माने तो दक्षिण-पश्चिम मानसून सोमवार को मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र, तेलंगाना के कुछ और हिस्सों, कर्नाटक के शेष हिस्सों, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों तथा ओडिशा, झारखंड और बिहार के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अलावा उत्तर और उससे सटे मध्य बंगाल की खाड़ी के केंद्रीय भागों के ऊपर माध्य समुद्र तल से 3 .1 और 5 .8 किमी के बीच एक चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है। सोमवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा । न्यूनतम तापमान 25 .8 डिग्री पर पहुंच। सुबह के वक्त आद्रता 84 और शाम को 72 प्रतिशत दर्ज की गई। दक्षिण-पश्चिमी हवाएं 6 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली। चौबीस घंटे में 60 किमी की रफ्तार से आंधी चलने, गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है।

एक्स-शोरूम कीमत# ₹89,611 | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply | Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका चाँदी का सिक्का* और कई अन्य सुनिश्चित लाभ* | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक | HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh.^T&C Apply.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57